भारतीय विद्यालय अल वादी अल कबीर

पत्र लेखन

1.(प्रधानाचार्य को)

आपका नाम कविता है और आप केंद्रीय विद्यालय की छात्रा है। आपके परिवार की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है। अतः आप छात्रवृत्ति के लिए अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य को पत्र लिखें।

परीक्षा भवन
केंद्रीय विद्यालय
क.ख.ग.शहर
10 अगस्त 2022

प्रधानाचार्य
केंद्रीय विद्यालय
क.ख.ग.शहर
विषय : छात्रवृत्ति हेतु प्रार्थना पत्र
आदरणीय महोदय ,
सविनय निवेदन है कि मैं आपके विद्यालय में कक्षा 10 में पढ़ती हूँ । मैं पहली कक्षा से ही हमेशा स्कूल में प्रथम आती रही हूँ । इसके अलावा मैं स्कूल के अनेक प्रतियोगिताओं जैसे खेल कूद , वाद विवाद ,भाषण आदि में भी भाग लेती आई हूँ और मैंने कई बार प्रथम स्थान प्राप्त किया है।महोदय, विगत कुछ वर्षों से मेरे पिता का स्वास्थ्य खराब होने के कारण वे कारोबार में सही ढंग से ध्यान नहीं दे पा रहे हैं। जिस वजह से हमारे घर की आर्थिक स्थिति लगातार खराब होती जा रही है। अब स्थिति यह हैं कि वे मेरी पढ़ाई का खर्चा उठाने में भी असमर्थ हो गए हैं। अतः आपसे विनम्र निवेदन है कि आप मुझे छात्रवृत्ति प्रदान करने की कृपा करें। अन्यथा मेरी पढ़ाई छूट जाएगी जिससे मेरा भविष्य अंधकार में हो जाएगा। आशा है कि आप मेरी इस प्रार्थना पर गंभीरता से विचार करेंगे और मुझे निराश नही करेंगे।

सधन्यवाद

आपकी आज्ञाकारिणी शिष्या
कविता

II. (अधिकारी को)

बिजली के खराब मीटर की शिकायत करते हुए विद्युत् अधिकारी को पत्र लिखिए -

वार्ड.न.245,नेहरु कॉलोनी,
क.ख.ग शहर ।
10 अगस्त 2022.

विद्युत् अधिकारी,
वार्ड.न.245,नेहरु कॉलोनी,
कखग शहर ।

विषय:बिजली के खराब मीटर के संबंध में

महोदय,
मैं अबस, कखग शहर का निवासी हूँ । पिछले पाँच वर्षों से यहाँ रह रहा हूँ । इस पत्र के द्वारा मैं आपका ध्यान अपने घर में लगे बिजली के मीटर की ओर दिलाना चाहता हूँ । विगत तीन महीनों से मेरे मकान में लगा बिजली का मीटर बंद पड़ा है । इसके विषय में मैंने मीटर रीडर को कई बार अवगत कराया लेकिन उन्होंने कोई कार्रवाई नहीं की । अनुमान के आधार पर ही विद्युत् बोर्ड की ओर से बिल भेज दिया जाता है ,जिसे मैं जमा करवा देता हूँ ,लेकिन वास्तव में मेरे घर में बिजली की खपत कितनी होती है ,इसका सही आकलन नहीं हो पा रहा है ।
आप से अनुरोध है कि आप इस मीटर को शीघ्र बदलवाने की कृपा करें । मेरे पत्र के साथ गत तीन महीनों के बिलों की प्रतियाँ संलग्न है ।
सधन्यवाद ।

भवदीय
अ.ब.स

III. (संपादक को)

सार्वजनिक स्थानों पर बढ़ते धूम्रपान पर चिंता व्यक्त करने तथा उसे रोकने के लिए हिंदुस्तान टाइम्स के संपादक को पत्र लिखिए -

245, गांधी रोड
क.ख.ग शहर
05 फरवरी 2022

संपादक महोदय
हिंदुस्तान टाइम्स
क.ख.ग शहर

विषय : सार्वजनिक स्थानों पर बढ़ते धूम्रपान पर चिंता व्यक्त करना

महोदय

मैं अबस, कखग शहर का निवासी हूँ। पिछले पाँच वर्षों से यहाँ रह रहा हूँ।

निवेदन है कि कई वर्षों से केंद्रीय सरकार की सिफारिश पर उच्च न्यायालय ने सार्वजनिक स्थानों पर बीड़ी, सिगरेट पीने पर रोक लगाने के आदेश जारी किए थे। आदेश जारी होने के कुछ दिनों तक तो स्थिति बहुत अच्छी रही। लोगों ने सज़ा एवं जुर्माने के डर से सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करना बंद कर दिया था, परंतु अब स्थिति धीरे-धीरे पहले जैसी हो गई है। आज रेलवे स्टेशनों, औषधालयों, बस अड्डों, न्यायालयों में निर्भय होकर धूम्रपान करके न्यायालय के नियमों की धज्जियाँ उड़ाई जा रही हैं। धूम्रपान स्वास्थ्य के लिए तो हानिकारक है ही यह बुद्धि तथा स्मरण शक्ति का विनाश भी करता है। इससे टी.बी तथा कैंसर जैसी भयंकर बीमारियाँ पनपती हैं। धूम्रपान करनेवाले लोगों के पास बैठने वालों तथा रहने वालों पर भी असर पड़ता है। यह अन्य लोगों को भी प्रभावित करता है।

अतः आप से अनुरोध है कि आप इस पत्र को अपने प्रतिष्ठित समाचार पत्र में प्रकाशित करने की कृपा करें जिससे आम जनता जागरुक हो सके।

सधन्यवाद

भवदीय
अ.ब.स

सूचना लेखन

1. आपके विद्यालय में हिंदी वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन हो रहा है । इसमें भाग लेने हेतु साहित्यिक समिति के सचिव की ओर से कक्षा 6-10 के सभी विद्यार्थियों के लिए एक सूचना पत्र तैयार कीजिए ।

क ख ग विद्यालय, नेहरु नगर, नईदिल्ली

10 अगस्त,2022. (कक्षा 6-10 के छात्रों के लिए)

सूचना

वाद-विवाद प्रतियोगिता

कक्षा 6-10 के छात्रों को सूचित किया जाता है कि हमारे विद्यालय में हिंदी वाद -विवाद प्रतियोगिता का आयोजन हो रहा है । विवरण इस प्रकार है -

दिन & दिनांक - मंगलवार - 20 अगस्त ,2022.

समय - सुबह 10 बजे से 12 बजे तक

स्थान - सभागार

इच्छुक छात्र अपना नाम श्री.मनोज तिवारी को दें । नाम जमा करने की अंतिम तिथि - 2022.

अ.ब.स

सचिव- साहित्यिक समिति

II.श्रद्धानंद गार्डन कल्याण समिति, मुंबई की ओर से कॉलोनी के समस्त निवासियों के लिए यह सूचना कि दिनांक 14 अगस्त, 2022 को पानी की लाइनों की सफ़ाई के कारण प्रातः 6:00 बजे से सायं 6:00 बजे तक पानी नहीं आएगा -

श्रद्धानंद गार्डन कल्याण समिति, मुंबई

10 अगस्त, 2022 (श्रद्धानंद गार्डन के निवासियों के लिए)

सूचना

जल आपूर्ति में कटौती

कॉलोनी के समस्त निवासियों को सूचित किया जाता है कि पानी की पाइप लाइनों की सफ़ाई के कारण दिनांक 14 अगस्त, 2022 को प्रातः 6:00 बजे से सायं 6:00 बजे तक पानी की आपूर्ति बंद रहेगी। असुविधा के लिए खेद है -

अ.ब.स
सचिव